उदय प्रताप कालेज, वाराणसी
(स्वायत्तशासी संस्था)
नैक मूल्यांकित 'A' ग्रेड

Udai Pratap College Varanasi
(Autonomous Institution)
NAAC Accredited 'A' Grade

College with Potential for Excellence, DST-FIST & DBT-Star College & Accredited B.Sc. (Hons.) Agriculture ICAR (NAEAB)
Mob. No 9389270894 email: principalupc@gmail.com, Website: www.upcollege.ac.in

शोक–संदेश

दिनांक 20 मार्च–2026 को प्रातः लगभग 11.10 बजे कला संकाय के कक्ष संख्या–12 के समक्ष महाविद्यालय के बी0एस–सी0 (पी0एम0) चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र सूर्य प्रताप सिंह को गोली मार दी गई। तत्पश्चात् उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहाँ उपचार के दौरान उनका दुःखद निधन हो गया। यह अत्यन्त मर्मांतक एवं कायरतापूर्ण घटना समूचे महाविद्यालय परिवार के लिए गहरा आघात है। इस जघन्य कृत्य ने न केवल महाविद्यालय की गरिमा को ठेस पहुँचाई हैं, बल्कि हम सभी के हृदय पर अमिट पीड़ा और शोक की छाप छोड़ दी है।

इस दुःखद घटना से समस्त महाविद्यालय परिवार शोकाकुल एवं मर्माहत है। हम सभी ईश्वर से दिवंगत आत्मा की चिरशान्ति के लिए प्रार्थना करते हैं तथा शोक संतप्त परिजनों को इस असहनीय दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करने की कामना करते हैं।

इस कठिन समय में पूरा महाविद्यालय परिवार शोक संतप्त परिवार के साथ खड़ा हैं और अपनी गहरी संवेदनाएँ व्यक्त करता है। शोक की इस घड़ी में महाविद्यालय दिनांक 23 एवं 24 मार्च–2026 को बन्द रहेगा।

प्राचार्य, समस्त प्राध्यापकगण,
समस्त कर्मचारीगण एवं छात्र–छात्राएँ।

Scanned with OKEN Scanner